# कार्यालय : जिला स्वास्थ्य समिति, हजारीबाग।

विज्ञापन पत्रांक 1235(DHS) दिनांक 08.09.2023.

Walk in Interview – विज्ञापन (अटल मुहल्ला क्लीनिक)

अपर मुख्य सचिव, स्वा0,चि0,शि0 एवं प0क0वि0, झारखण्ड सरकार का पत्रांक– 32(5)व योजना दिनांक– 25.05.2023, उपनिदेशक सह राज्य नोडल पदाधिकारी, रा0श0स्वा0मि0, झारखण्ड का पत्रांक– 53(UH) राँची, दिनांक– 03.07.2023 एवं अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड, राँची का क्रमशः पत्रांक– 1024(MD), दिनांकः– 18.09.2019व पत्रांक–128(MD), दिनांकः– 15.01.2022 के आलोक में जिला हजारीबाग शहरी क्षेत्र अंतर्गत झुग्गी झोपड़ी व मलिन बस्तियों में आवासित लोगों वंचित निर्धन, गरीब परिवार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से **अटल मुहल्ला क्लीनिक** का संचालन हेतु चिकित्सकों की सेवा प्राप्त करने हेतु जिला स्तर पर निजी Part Time चिकित्सकों को सूचीबद्ध करने हेतु दिनांक– 16.09.2023 को Walk in Interview निर्धारित है। आवश्यक अर्हताएँ /शर्तें /जानकारियाँ निम्नांकित हैंः–

| क्र.सं. | विवरणी | आवश्यक अर्हताएँ/शर्तें |
|---|---|---|
| | | **चिकित्सा पदाधिकारी(MBBS)** |
| 1 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल काउन्सिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री। |
| 2 | उम्रसीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगी)। |
| 3 | मानदेय | प्रतिदिन एक पाली (चार घंटे)के लिए रू.1400(चौदह सौ) x प्रतिमाह 26 दिन तक के लिए = प्रतिमाह रू0 36400 (छःत्तीस हजारचार सौ) अधिकतम देय। |
| 4 | कार्य का समय | सामान्यतः 08.00 बजे पूर्वाह्न से 12.00 बजे मध्याह्न तक या स्थानीय आवश्यकतानुसार चार (04) घंटे का अद्योहस्ताक्षरी द्वारा अपराहन/संध्याकालिन समय का निर्धारण। |
| 5 | सूचीबद्ध किये गये चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमितकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 6 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| **क्र.सं.** | **विवरणी** | **आवश्यक शर्तें** |
| | | **चिकित्सा पदाधिकारी(AYUSH)** |
| 1 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मान्यता प्राप्त संस्थान से BHMS/BUMS/BAMS की डिग्री। |
| 2 | उम्र सीमा | अधिकतम 60 वर्ष। |
| 3 | मानदेय | रू. 20000 (बीस हजार रू.) मात्र प्रतिमाह अधिकतम। |
| 4 | कार्य का समय | 08.00 बजे पूर्वाह्न से 12.00 बजे मध्याह्न तक या आवश्यकतानुसार चार घंटे का अद्योहस्ताक्षरी द्वारा अपराहन / संध्या कालिन समय का निर्धारण। |
| 5 | सूचीबद्ध किये गये चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमितकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 6 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |

**सामान्य जानकारियाँ/शर्तें**

01. इच्छुक उम्मीदवार Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा एवं सभी मूल प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ सिविल सर्जन कार्यालय, सदर अस्पताल परिसर, हजारीबाग में दिनांक 16.09.2023 को पुर्वाहन 11:00 बजे से 05:00 बजे तक उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगें।

02. **कुल रिक्तियाँ:–(क) चिकित्सा पदाधिकारी (MBBS) :–** 04(चार) अटल मु0 क्ली0 –कोर्रा, काजी मुहल्ला, गाड़ीखाना, नूरा **(ख) चिकित्सा पदाधिकारी (AYUSH) :– 08** (आठ) अटल मु0 क्ली0 –कोर्रा, काजीमुहल्ला, गाड़ीखाना, नूरा, कुद, मटवारी, कुम्हारटोली, हुरहुरू।

03. **सेवाएँ**:– ओ0पी0डी0 का संचालन, संचारी/एनेमिया/गैर संचारीरोगों का प्राथमिक स्क्रीनिंग/संबंधितसेवाएँ, मातृ व शिशु स्वास्थ्य संबंधी सामान्य सेवाएँ, टीकाकरण (प्रतिरक्षण), प्रसवपूर्व/प्रसवोत्तर सामान्य देखभाल/जाँच, परिवार नियोजन सामान्य परामर्श/गर्भनिरोधक सेवाएँ, तीव्र सरल बीमारियों का उपचार, तीन सामान्य प्रकार के कैंसर (मुख, स्तन, ग्रीवा) की स्क्रीनिंग, टी0बी0 व मलेरिया का पता लगाना के लिए बलगम एवं रक्त धब्बा संग्रह आदि सुनिश्चित करना।

04. चिकित्सा पदाधिकारी की देख रेख में प्रत्येक सप्ताह दो (02) दिन क्रमशः सोमवार व बुधवार को UHSND दिवस के रूप में ए0एन0एम0 द्वारा शहरी सहिया/सेविका के सहयोग से नियमित टीकाकरण की सेवाएँ दिये जाएगें।

05. सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को अ0मु0क्लीनिक में अवकाश होगा।

06. जिला स्वास्थ्य समिति के सौजन्य से केद्र/राज्य प्रायोजित सेवाएँ / कार्यक्रमों / अभियान / पखवाड़ा / योजनाओं का क्रियान्वयन व जागरूकता सुनिश्चित करना होगा।

07. अटल मु0 क्ली0 से संबंधित सभी तरह के प्रतिवेदन आवश्यकतानुसार प्रारूप में ससमय अपने निकटत्तम श0प्रा0स्वा0 केद्र तक उपलब्ध कराना।

08. शहरी क्षेत्र अंतर्गत आयोजित होने वाले प्रत्येक तीमाही Outreach Camp व Sanitation Health Camp/ अन्य आवश्यकतानुसार मेडिकल टीम के रूप में कार्यदायित्त्व दिया जा सकता है। स्वास्थ्य कार्यक्रम से संबंधित मासिक बैठक/प्रशिक्षण आदि में जिला मुख्यालय/अन्यत्र आमंत्रित किया जा सकता है।

09. उक्त चिकित्सकों को सूचिबद्ध करने से संबंधित अर्हताएँ/शर्तो से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए हजारीबाग जिले के NICवेबसाईट www.hazaribagh.nic.in अथवा जिला स्वास्थ्य समिति कार्यालय के सूचनापट्ट से प्राप्त की जा सकती है।

– ह0 –
सिविल– सर्जन,
हजारीबाग।

**ज्ञापांक** 1235(DHS) **हजारीबाग / दिनांक** 08.09.2023

**प्रतिलिपिः–**

01. जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, हजारीबाग को सूचनार्थ प्रेषित। आग्रह है कि उक्त अन्तर्वीक्षा संबंधित विज्ञापन को सभी समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाने की कृपाकरना चाहेंगें।
02. जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, हजारीबाग को सूचनार्थ प्रेषित। आग्रह है कि उक्त अन्तर्वीक्षा संबंधित विज्ञापन को जिले के वेबसाइट www.hazaribag.nic.in पर अपलोड कराने की कृपा करना चाहेंगें।
03. जिला आर0सी0एच0 पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी, एन0यू0एच0एम0, हजारीबाग को सूचनार्थ प्रेषित।
04. राज्य नोडल पदाधिकारी– NUHM ,राँची, झारखण्ड को सूचनार्थ प्रेषित।
05. उपायुक्त, हजारीबाग को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
06. अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, राँची, झारखण्ड को सादर सूचनार्थ प्रेषित

8/9/23

सिविल– सर्जन,
हजारीबाग।

08/09/23

# कार्यालयः– जिला स्वास्थ्य समिति, हजारीबाग

**दिनांक 04.09.2023 को सिविल सर्जन, हजारीबाग की अध्यक्षता में अटल मुहल्ला क्लीनिक के लिए सूचीबद्ध किये जाने वाले निजी चिकित्सकों (MBBS & AYUSH) का Walk in Interview पूर्व निर्णय हेतु गठित जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक की कार्यवाही :–**

**उपस्थिति – पंजी अनुरूप**

अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय का पत्रांक –1216(DHS) दिनांक – 02.09.2023 के आलोक मे आज दिनांक 04.09.2023 को सिविल सर्जन, हजारीबाग की अध्यक्षता में अटल मुहल्ला क्लीनिक के लिए सूचीबद्ध किये जाने वाले चिकित्सकों हेतु गठित जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में निम्नांकित निर्णय लिये गये :–

1227(DHS) 04.09.23

(A) चयन समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि **दिनांक 16.09.2023** को **समय 11:00 बजे पुर्वाहन** से **सिविल सर्जन प्रकोष्ठ में अन्तर्वीक्षा (Walk in Interview)** का आयोजन किया जायेगा।

(B) चयन समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि Walk in Interview में जिला आयुष पदाधिकारी, हजारीबाग को आमंत्रित किया जाय।

(C) **आवश्यक अर्हताएँ / शर्ते**

| क्र.सं. | विवरणी | आवश्यक अर्हताएँ / शर्ते |
|---|---|---|
| | **चिकित्सा पदाधिकारी(MBBS)** | |
| 1 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल काउन्सिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री। |
| 2 | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगी)। |
| 3 | मानदेय | प्रति दिन एक पाली (चार घंटे)के लिए रू.1400(चौदह सौ) x प्रति माह 26दिन तक के लिए = प्रति माह रू0 36400 (छःत्तीस हजार चार सौ) अधिकतम देय। |
| 4 | कार्य का समय | सामान्यतः 08.00 बजे पूर्वाह्न से 12.00 बजे मध्याह्न तक या स्थानीय आवश्यकतानुसार चार घंटे का अद्योहस्ताक्षरी द्वारा अपराहन / संध्याकालिन समय का निर्धारण। |
| 5 | सूचीबद्ध किये गये चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमितकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 6 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| **क्र.सं.** | **विवरणी** | **आवश्यक शर्ते** |
| | **चिकित्सा पदाधिकारी(AYUSH)** | |
| 1 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मान्यता प्राप्त संस्थान से BHMS/BUMS/BAMS की डिग्री। |
| 2 | उम्र सीमा | अधिकतम 60 वर्ष। |
| 3 | मानदेय | रू. 20000 (बीस हजार रू.)मात्र प्रति माह अधिकतम। |
| 4 | कार्य का समय | 08.00 बजे पूर्वाह्न से 12.00 बजे मध्याह्न तक या आवश्यकतानुसार चार घंटे का अद्योहस्ताक्षरी द्वारा अपराहन / संध्याकालिन समय का निर्धारण। |
| 5 | सूचीबद्ध किये गये चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमितकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 6 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |

(D) सामान्य जानकारियाँ / शर्तें

1. इच्छुक उम्मीदवार Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा एवं सभी मूल प्रमाण पत्र तथा इनकी छाया प्रति के साथ सिविल सर्जन प्रकोष्ठ, सिविल सर्जन कार्यालय, सदर अस्पताल, हजारीबाग में **दिनांक – 16.09.2023 को पूर्वाहन् 10:00 बजे से अपराहन 05:00 बजे तक** उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगें।
2. अंतराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों से मेडिकल डिग्रीधारी इच्छुक उम्मीदवार के लिये FMGE-Foreign Medical Gradute Examination(by NBE) की परीक्षा उतीर्ण करना अनिवार्य होगा, साथ ही NMC / MCI के द्वारा NOC रहना अनिवार्य होगा।
3. इच्छुक MBBS उम्मीदवार को झारखण्ड मेडिकल कॉसन्सिल से पंजीकृत प्रमाण पत्र एवं इच्छुक AYUSH उम्मीदवार को आयुष निदेशालय झारखण्ड सरकार से पंजीकृत प्रमाण पत्र की छाया प्रति उपलब्ध कराना होगा।
4. **कुल रिक्तियाँः–** **(क) चिकित्सा पदाधिकारी (MBBS) :–** 04(चार) अटल मु0 क्ली0 – कोर्रा, काजी मुहल्ला, गाड़ीखाना, नूरा **(ख) चिकित्सा पदाधिकारी(AYUSH) :– 08** (आठ) अटल मु0 क्ली0 – कोर्रा, काजी मुहल्ला, गाड़ीखाना, नूरा, कुद, मटवारी, कुम्हार टोली, हुरहुरू।
5. **सेवाएँ:–** ओ0पी0डी0 का संचालन, संचारी / एनेमिया / गैर संचारी रोगों का प्राथमिक स्क्रीनिंग / संबंधित सेवाएँ, मातृ व शिशु स्वास्थ्य संबंधी सामान्य सेवाएँ, टीकाकरण (प्रतिरक्षण), प्रसवपूर्व / प्रसवोत्तर सामान्य देखभाल / जाँच, परिवार नियोजन सामान्य परामर्श / गर्भनिरोधक सेवाएँ, तीव्र सरल बीमारियों का उपचार, तीन सामान्य प्रकार के कैंसर (मुख,स्तन,ग्रीवा) की स्क्रीनिंग,टी0बी0 व मलेरिया का पता लगाना के लिए बलगम एवं रक्त धब्बा संग्रह आदि सुनिश्चित करना।
6. चिकित्सा पदाधिकारी की देख रेख में प्रत्येक सप्ताह दो (02) दिन क्रमशः सोमवार व बुधवार को UHSND दिवस के रूप में ए0एन0एम0 द्वारा शहरी सहिया / सेविका के सहयोग से नियमित टीकाकरण की सेवाएँ दिये जाएगें।
7. सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को अ0मु0क्लीनिक में अवकाश होगा।
8. जिला स्वास्थ्य समिति के सौजन्य से केद्र / राज्य प्रायोजित सेवाएँ / कार्यक्रमों / अभियान / पखवाड़ा / योजनाओं का क्रियान्वयन व जागरूकता सुनिश्चित करना होगा।
9. अटल मु0 क्ली0 से संबंधित सभी तरह के प्रतिवेदन (Report) आवश्यकतानुसार प्रारूप (Format) में ससमय अपने निकटत्तम श0प्रा0स्वा0 केद्र तक उपलब्ध कराना।
10. शहरी क्षेत्र अंतर्गत आयोजित होने वाले प्रत्येक तीमाही Outreach Camp व Sanitation Health Camp/ अन्य आवश्यकतानुसार मेडिकल टीम के रूप में कार्य दायित्त्व दिया जा सकता है। स्वास्थ्य कार्यक्रम से संबंधित मासिक बैठक / प्रशिक्षण आदि में जिला मुख्यालय / अन्यत्र आमंत्रित किया जा सकता है।

1227(DHS)
04.09.23

(E) **अन्तर्वीक्षा के लिए अंक का निर्धारणः–** जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा समिति को जानकारी दिया गया की दिनांक 16.09.2023 की चिकित्सकों हेतु आयोजित अन्तर्वीक्षा के लिए कुल अधिकतम अंक का निर्धारण किया जाना है तथा इसे शैक्षणिक योग्यता, कार्यानुभव तथा अन्तर्वीक्षा में विभक्त किया जाना है।

उक्त आलोक में चयन समिति द्वारा निर्णय लिया गया की अन्तर्वीक्षा के क्रम में **कुल अधिकतम अंक 25** निर्धारित किया जाता है जिसे निम्नवत विभक्त किया जाता है:–

1. **शैक्षणिक योग्यता**

| क्रम0 स0 | शैक्षणिक योग्यता | शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांक | कुल प्रदेय अंक |
|---|---|---|---|
| 01 | MBBS | 60% तक | 05 अंक |
| 02 | MBBS | 60% से 70% तक | 08 अंक |
| 03 | MBBS | 70% से ऊपर | 10 अंक |

2. **कार्यानुभव** हेतु प्रत्येक वर्ष के लिये 01 अंक निर्धारित किया जाता है। 10 वर्ष एवं उस से ऊपर हेतु कार्यानुभव रखने वाले आवेदको को अधिकतम 10 प्रदेय होगा।

3. **अन्तर्वीक्षा** हेतु अधिकतम 05 अंक निर्धारित किया जाता है।

(F) आवेदकों द्वारा इस आशय का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना अनिर्वाय होगा की उनके द्वारा समर्पित सभी कागजात/दस्तावेज सही है। गलत पाये जाने पर विभागीय नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

(G) नियुक्ति संबंधित विज्ञापन में प्रकाशित तथ्यों के अनुरूप नियुक्त किये जाने वाले चिकित्सकों के द्वारा निर्धारित समयवधि में अपने कार्यों एवं दायित्वों का निर्वहन किया जाना अनिवार्यहोगा। प्रत्येक माह इनके मानदेय का भुगतान ओ0पी0डी0 में ईलाज किये गये मरीजों की संख्या के आधार पर किया जाएगा। आवश्यकता अनुरूप ओ0पी0डी0 के समय में परिवर्तन किया जा सकता है तथा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित होने वाले विभागीय स्वास्थ्य मेला/कैम्प में चिकित्सकों के द्वारा भाग लिया जाना अनिवार्य होगा। समय–समय पर राज्य मुख्यालय से प्राप्त होने वाले दिशा–निदेशों का अनुपालन किया जाना अनिर्वाय होगा।

(H) चयन प्रक्रिया में स्थानियता को प्राथमिकता दी जायेगी।

(I) चयनित चिकित्सा पदाधिकारियों को अटल मुहल्ला क्लीनिक छोड़ने से एक माह पूर्व सूचित करना होगा।

(J) चयन समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि Walk in Interview में जिला आयुष पदाधिकारी, हजारीबाग को आमंत्रित किया जाय।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक की कार्रवाई समाप्त की गई।

04/09/23
जिला शहरी स्वास्थ्य प्रबंधक
हजारीबाग

04/9/23
जिला कार्यक्रम प्रबंधक
हजारीबाग

4/9/23
जिला आर0सी0एच0 पदा0
हजारीबाग

4/9/23
अपर मु0चि0पदा0
हजारीबाग

4/9/23
सिविल सर्जन
हजारीबाग

ज्ञापांक 1227(DHS) हजारीबाग, दिनांक 04.09.2023.

प्रतिलिपि – सभी संबधित सदस्य/पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि – राज्य नोडल पदाधिकारी, NUHM झारखण्ड राँची को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि – उपविकास आयुक्त सह नगर आयुक्त, हजारीबाग को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि – उपायुक्त, हजारीबाग को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि – अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड को सूचनार्थ प्रेषित।

सिविल सर्जन
हजारीबाग